


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, सोमवार, 02 फरवरी-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 137 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







## पूर्व आर्मी चीफ की किताब के हवाले से चीन को लेकर पूछा सवाल

# राहुल के बयान पर बवाल



### रक्षामंत्री और गृहमंत्री से तीखी बहस

**● 'चीनी सेना घुस रही है भारतीय सीमा में' पूछने पर गरमाया माहौल**

पूर्व आर्मी चीफ जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की कथित किताब को लेकर लोकसभा में जोरदार हंगामा हुआ। नेता विपक्ष राहुल गांधी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच तीखी बहस हुई। दरअसल, राहुल गांधी ने पूर्व आर्मी चीफ की किताब का हवाला देकर चीन पर सवाल पूछना शुरू किया। इसी बीच रक्षा मंत्री ने भी जवाब देते हुए प्रमाण पेश करने की बात कही। राहुल गांधी ने कहा कि चीनी सेना भारतीय सीमा में घुस रही है। राहुल गांधी के इस बयान पर सदन में हंगामा खड़ा हो गया है। वहीं, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी राहुल गांधी का पक्ष लेते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष को उनकी बात कहने का पूरा हक है। राहुल गांधी ने कहा, 'बीजेपी सांसद ने कहा कि हम देश भक्त नहीं हैं। इसपर मैं कहना चाहता हूं कि पूर्व आर्मी चीफ नरवणे ने अपनी किताब में लिखा है कि चीनी सेना भारतीय सीमा में घुसपैठ कर रही है।' राहुल गांधी ने कहा, 'जिस किताब की राहुल गांधी बात कर रहे हैं, वो किताब प्रकाशित नहीं हुई है। अगर उस पुस्तक में तथ्य सही होते, तो वो किताब जरूर प्रकाशित होती। अगर उन्हें (राहुल गांधी) लगता है कि किताब पर सरकार ने गलत तरीके से रोक लगाई है, तो पूर्व आर्मी चीफ अदालत का दरवाजा खटखटाते।

### राहुल गलत किताब का जिक्र कर रहे हैं

राहुल गांधी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि जिस किताब का राहुल गांधी उल्लेख कर रहे हैं, वो किताब अभी प्रकाशित ही नहीं हुई है। ऐसे में इस पुस्तक का उल्लेख क्यों किया जा रहा है? राहुल गलत किताब का जिक्र कर रहे हैं। राजनाथ सिंह का कहना है कि राहुल गांधी अपने दावे को साक्ष्यों के साथ प्रमाणित करें। बिना तथ्य के उन्हें आरोप नहीं लगाना चाहिए।

### राजनाथ के समर्थन में अमित शाह

राहुल गांधी ने कहा कि चीनी सेना भारतीय सीमा में घुस रही है। राहुल गांधी के भाषण के दौरान सदन में सत्तापक्ष और विपक्ष ने हंगामा मचाना शुरू कर दिया है। राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी पलटवार किया है। सदन में राहुल गांधी और राजनाथ सिंह के बीच तीखी बहस देखने को मिली है। इस दौरान अमित शाह ने भी राहुल गांधी के आरोपों का खंडन करते हुए विरोध दर्ज करवाया है।

### पेन्नैयार नदी के जल विवाद के लिए गठित किया जाए ट्रिब्यूनल



**नई दिल्ली।** सर्वोच्च अदालत ने केंद्र सरकार को आदेश दिया है कि पेन्नैयार नदी के जल विवाद के लिए एक महीने के अंदर ट्रिब्यूनल (न्यायाधिकरण) गठित की जाए। बता दें कि यह विवाद तमिलनाडु और कर्नाटक के बीच पेन्नैयार नदी के पानी के बंटवारे को लेकर है। तमिलनाडु सरकार ने 2018 में केस दायर किया और आरोप लगाया कि कर्नाटक पेन्नैयार नदी पर चेक डैम, पानी मोड़ने की संरचनाएं (डायवर्जन) बना रहा है, इससे तमिलनाडु को मिलने वाला पानी प्रभावित हो रहा है। मामले में तमिलनाडु सरकार का कहना है कि अंतर-राज्यीय नदी का पानी राष्ट्रीय संपत्ति होती है। इस पर किसी एक राज्य की निजी मिल्कियत नहीं है। ऐसे मामले में कोई भी राज्य अकेले फैसले लेकर दूसरे राज्य का हक नहीं छीन सकता।

### विधानसभा में गूंजा नीट छात्रा से दुष्कर्म का मामला, सुप्रीम कोर्ट से हस्तक्षेप की मांग

**पटना।** पटना में नीट छात्रा के साथ दुष्कर्म मामले में भले ही सरकार ने जांच सीबीआइ को सौंप दी है। इसके बावजूद मामला थमते नहीं दिख रहा है। सोमवार को बिहार विधानसभा सत्र के पहले दिन विधानसभा परिसर में कांग्रेस और भाकपा माले के सदस्यों ने जोरदार प्रदर्शन किया। इन सदस्यों की मांग थी कि इस मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में होनी चाहिए। विधानसभा में विधायी कार्य शुरू हो इसके पहले माले और कांग्रेस के सदस्यों ने हाथों में पोस्टर लेकर पहुंच गए। माले सदस्यों ने कहा कि शंभु होस्टल में नीट छात्रा से दुष्कर्म ने राज्य में कानून व्यवस्था की पोल खोल दी है। कांग्रेस ने कहा कि नीट छात्रा दुष्कर्म मामले को राज्यपाल अपने भाषण में शामिल करना और अपने अभिभाषण में इस घटना का उल्लेख करें।

### सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं के लिए एडमिट कार्ड इसी सप्ताह जारी होंगे!

**नई दिल्ली।** पिछले वर्ष भी सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन द्वारा हॉल टिकट फरवरी के पहले वीक में जारी हुए थे, ऐसे में उम्मीद है कि इसी वीक में CBSE 10th 12th Admit Card 2026 डाउनलोड के लिए उपलब्ध करवा दिए जायेंगे। बोर्ड एग्जाम में भाग लेने जा रहे स्टूडेंट्स को बता दें कि सीबीएसई की ओर से एडमिट कार्ड जारी होने के बाद वे स्वयं इसे डाउनलोड नहीं कर पाएंगे। सभी स्कूल अपनी स्कूल लॉग इन आईडी से अपने सभी छात्रों के प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। इसके बाद वे उसपर मोहर लगाकर छात्रों में वितरित करेंगे। ऐसे में स्टूडेंट्स एडमिट कार्ड अपने स्कूल में जाकर क्लास टीचर या प्रिंसिपल से संपर्क करके हासिल कर सकेंगे। सीबीएसई बोर्ड की ओर से 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की शुरुआत देशभर में निर्धारित परीक्षा सेंटर्स पर 17 फरवरी से की जाएगी। मैट्रिक कक्षा की परीक्षाएं 11 मार्च 2026 तक एवं 12वीं की 4 अप्रैल 2026 तक आयोजित होंगी।

### चांदी टूटी, सोना 8000 सस्ता

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। सोने 8000 रुपये तक सस्ता हो गया। वहीं चांदी में 31,800 रुपये तक की गिरावट देखने को मिली। कीमतों में अस्थिरता का दौर जारी है। एमसीक्स पर सोने का भाव 8,187 रुपये गिरकर 1,34,00 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। इसमें 5.76 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। वहीं चांदी 31,878 रुपये सस्ती होकर 2.33 लाख रुपये प्रति किलो पर आ गई। इसमें 12 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। सोमवार की शुरुआती ट्रेडिंग में अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्पॉट गोल्ड करीब 4 प्रतिशत तक फिसला, जबकि चांदी में भी इसी के आसपास गिरावट दर्ज की गई।

### घरेलू शेयर बाजार में लौटी हरियाली

**नई दिल्ली।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन भारतीय बाजार लाल निशान पर खुला। हालांकि बाद में खुद को संभालते हुए 9:41 तक सेंसेक्स 338.72 अंक चढ़कर 81,061.66 अंक पर आ गया। वहीं निफ्टी 69.75 अंक चढ़कर 24,894.20 अंक पर आ गया। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 18.59 अंक या 0.02 प्रतिशत गिरकर 80,704.35 अंक पर आ गया। वहीं 50 शेयरों वाला निफ्टी 28.95 अंक या 0.12 प्रतिशत गिरकर 24,796.50 अंक पर आ गया।

### जिस्मफरोशी के लिए नेपाल भेजी जा रहीं लड़कियां

**श्रावस्ती।** यूपी के श्रावस्ती में पुलिस ने नेपाल से लड़कियों की तस्करी का बड़े नेटवर्क का भंड़ाफोड़ किया। दो तस्कर नौकरी का झांसा देकर चार लड़कियों को रात के अंधेरे में घने जंगल के रास्ते बॉर्डर पार ला रहे थे। खुफिया इनपुट के आधार पर एएँ और पुलिस पहले से एक्टिव थी। उन्हें पकड़ने के लिए जाल बिछाया। आहट होते ही तस्करों को घेर लिया। पुलिस को देखकर बाइक सवार तस्कर घबरा गए। बाइक छोड़कर भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार किया और लड़कियों बचाया। पूछताछ में तस्करों ने बताया कि लड़कियों को ऑर्केस्ट्रा में काम दिलाने का लालच दिया था।

### दुबई में फंसे झारखंड के 14 प्रवासी मजदूर वेतन न मिलने का आरोप; वापसी की गुहार

**रांची।** झारखंड के विभिन्न जिलों से दुबई गए 14 प्रवासी मजदूर कथित तौर पर वेतन न मिलने और अतिरिक्त काम कराने के दबाव के कारण गंभीर मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। इन मजदूरों ने राज्य सरकार से सुरक्षित स्वदेश वापसी की अपील की है। यह जानकारी राज्य प्रवासी नियंत्रण सेल की टीम लीडर शिखा लकड़ा ने दी है। अधिकारियों के अनुसार, ये मजदूर गिरिडीह, हजारीबाग और बोकारो जिलों के निवासी हैं। मजदूरों ने एक वीडियो भेजकर अपनी स्थिति साझा की है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि संबंधित निजी कंपनी ने उन्हें तीन महीने से वेतन नहीं दिया है और ओवरटाइम काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। इससे उन्हें रहने और खाने तक की समस्या हो रही है।

### यूपी के 27 जिलों में ओले-बारिश का अलर्ट, आंधी चलेगी 3 दिन बिगड़ा रहेगा मौसम

**लखनऊ।** आज यूपी के 27 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश और ओले का अलर्ट है। 16 जिलों में आंधी भी चल सकती है। इस बीच गाजियाबाद, आगरा, मेरठ समेत 30 जिलों में कोहरा छाया है। कई जगह विजिबिलिटी शून्य तक सिमट गई। बर्फीली हवाओं से गलन बढ़ गई है। पारा एक बार फिर 6.4°C तक पहुंच गया है। पश्चिमी यूपी के साथ दिल्ली-एनसीआर और उत्तराखंड से सटे तराई क्षेत्रों में गरज-चमक और तेज हवा के साथ बारिश का दौर जारी है।

## केशव चाचा न्याय करो




**● शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों ने डिप्टी सीएम का आवास घेरा, प्रदर्शन, नारेबाजी, पुलिस प्रशासन से नोंकझोक**

**लखनऊ।** यूपी में 69 हजार शिक्षक भर्ती में शामिल आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने सोमवार को लखनऊ में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास का घेराव किया। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई न होने से अभ्यर्थी नाराज हैं। इसी को लेकर अभ्यर्थी केशव मौर्य के घर के सामने धरने पर बैठे थे। उन्होंने जोरदार नारेबाजी की। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रही। अभ्यर्थी केशव चाचा न्याय करो का नारा लगाकर धरने पर बैठ गए। पुलिस ने सभी को बस से धरनास्थल इको गार्डेन भेज दिया। अभ्यर्थियों का कहना है कि हाईकोर्ट का जो फैसला आया था, सरकार ने उसे जानबूझ कर लटका दिया। इससे मामला अब सुप्रीम कोर्ट में चला गया।




## संपत्ति का पूरा विवरण देने पर ही मिलेगा वेतन

### उत्तर प्रदेश में सरकार ने कर्मचारियों पर कसी लगाम

**● कई विभागों में चिंता और दहशत का माहौल**

**● वेतन रोकना ही अंतिम चरण नहीं, आगे भी होगी कार्रवाई**



**लखनऊ।** सरकार का कर्मचारियों को स्पष्ट संदेश है कि संपत्ति का पूरा विवरण सार्वजनिक होने तक वेतन नहीं दिया जाएगा। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, यदि कर्मचारी भुगतान में देरी करते रहे तो सरकार अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर सकती है। प्रदेश में योगी सरकार ने 68,236 राज्य कर्मचारियों का वेतन रोक दिया है, जिससे विभिन्न विभागों में दहशत और चिंता का माहौल छा गया है। यह निर्णय इन कर्मचारियों द्वारा अनिवार्य संपत्ति घोषणा पत्र जमा न करने के बाद लिया गया है। राज्य में वर्तमान में कुल 8,66,261 सरकारी कर्मचारी हैं। सभी कर्मचारियों को 31 जनवरी तक मानव संविदा पोर्टल पर अपनी चल और अचल संपत्ति का विवरण अपलोड करने का निर्देश दिया गया था। जानकारी के अनुसार, इसका पालन न करने वालों का वेतन अगली सूचना तक रोक दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि वेतन रोकना अंतिम चरण नहीं है और यदि लंबित घोषणाएँ शीघ्र जमा नहीं की जाती हैं तो आगे विभागीय कार्रवाई की जा सकती है।

### पटना में छात्राओं से उतरवाया हिजाब

**पटना।** बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा की शुरुआत सोमवार, 2 फरवरी से हो गई है, जो 13 फरवरी तक चलेगी। परीक्षा के पहले ही दिन पटना समेत कई जिलों के परीक्षा केंद्रों पर कड़ी जांच और सख्त नियमों के कारण कई परीक्षार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कुछ केंद्रों पर देर से पहुंचने और प्रवेश प्रक्रिया में देरी के कारण दर्जनों परीक्षार्थियों की परीक्षा छूट गई। पटना के शास्त्रीनगर स्थित परीक्षा केंद्र पर उस समय विवाद की स्थिति बन गई, जब कुछ मुस्लिम छात्राओं से हिजाब उतरवाकर ही परीक्षा हॉल में प्रवेश दिया गया।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 16.0C
● तापमान न्यूनतम : 7.2 0C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14
वाराणसी, 02 फरवरी, सोमवार, 2026 (3)





रा.से.यो. के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के छंठवें दिन कार्यक्रम में शामिल सदस्याएं व अन्य।
जनमुख डेस्क

# पहले इस्तीफ़ा फिर यू-टर्न

## ये तो थूक कर चाटने जैसा है : शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद



● जीएसटी डिप्टी कमिश्नर के इस्तीफा वापसी पर स्वामी ने कसा तंज

वाराणसी। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने अयोध्या के GST डिप्टी कमिश्नर प्रशांत सिंह इस्तीफा वापस लेने पर तंज कसा। उन्होंने हंसते हुए कहा- बरेली मजिस्ट्रेट के इस्तीफा देने के बाद जो त्याग पत्र दिलवाया गया था। वो वापस हो चुका है। आदमी थूक कर चाट चुका है। हमने तभी कहा था कि ये जो त्याग पत्र दिया गया है वो चार दिन में वापस होगा। और वही हुआ। दरअसल, GST डिप्टी कमिश्नर प्रशांत कुमार सिंह 27 जनवरी को सीएम योगी के सपोर्ट में इस्तीफा दे दिया था, लेकिन 4 दिन बाद ही यूटर्न लेते हुए अपना फैसला वापस ले लिया था। अफसर ने कहा था- मेरे ऊपर कोई दबाव नहीं है। फिलहाल मैं अपने दफ्तर में काम कर रहा हूं। अविमुक्तेश्वरानंद ने पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह के बयान पर भी पटलवार किया। कहा-मंत्री आका शब्द का इस्तेमाल कर रहे हैं। आका अरबी शब्द है। उन्हें पता नहीं कि शंकराचार्य सर्वोच्च पद है। उसके ऊपर कोई नहीं हो सकता है। तुम्हारे आका हो सकते हैं। तुम मंत्री हो, तुम्हारे आका मुख्यमंत्री हैं। मुख्यमंत्री के आका राज्यपाल और केंद्र में मंत्री हैं। तुम्हारी मुसलमानी भाषा बता रही है कि सबकुछ मुगलिया हो चुका है। दरअसल, 2 दिन पहले बरेली में धर्मपाल सिंह ने कहा था कि अविमुक्तेश्वरानंद गोकशी पर सफेद झूठ बोल रहे हैं। यूपी में जिस गोकशी की बात वो कर रहे हैं, वह दरअसल अविमुक्तेश्वरानंद के 'आकाओं' का काम रहा है। मंत्री ओम प्रकाश राजभर और धर्मपाल सिंह सैनी के बयानों पर शंकराचार्य भड़क गए। कहा- सरकार की ओर से कहा जा रहा है कि यूपी से केवल भैंस, बकरे और सूअर का मांस निर्यात होता है, गौमांस का नहीं। जबकि, यूपी से सूअर के मांस का निर्यात होता ही नहीं है। फिर यह दावा किस आधार पर किया जा रहा है। हम चाहते हैं कि पहले यह स्पष्ट किया जाए कि सूअर के मांस के निर्यात की बात कितनी सत्य है। यदि यह झूठ है, तो फिर आगे चर्चा का कोई अर्थ नहीं रह जाता।' शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने आरोप लगाया कि भैंस के मांस के नाम पर लगातार गौमांस विदेशों में भेजा जा रहा है। उन्होंने नोएडा और भोपाल की घटनाओं का हवाला देते हुए कहा- शुरुआती तौर पर मांस को भैंस का बताया गया, लेकिन लैब टेस्ट में वह गाय का मांस निकला। जब हर बार जांच में भैंस का मांस गाय का निकल जाता है, तो सरकार के दावों पर भरोसा कैसे किया जाए?'

### रा.से.यो. विशेष में रक्तदान के लिए किया जागरुक

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** दिनांक 1 फरवरी 2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे राष्ट्रीय सेवा योजना की चतुर्थ इकाई के तत्वावधान में कंपोजिट विद्यालय, शिवपुर में आयोजित सप्तदिवसीय विशेष शिविर के षष्ठ दिवस का आयोजन मुख्य अतिथि आशुतोष सिंह, विशिष्ट अतिथि प्रदीप केशरवानी एवं आशीष कुमार की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ. स्वप्ना मीणा एवं वसंत कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर रचना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शुभांगी श्रीवास्तव के नेतृत्व में संपन्न हुआ। षष्ठ दिवस के अवसर पर रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि आशुतोष सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि रक्तदान से इस गंभीर रोग से पीड़ित रोगियों के जीवन को नया संबल मिलता है।

### बाबा गोरखनाथ का आर्विभाव दिवस मनाया गया, घाट के निर्माण की मांग



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** विश्व भोजपुरी संघ द्वारा गोरखनाथ मंदिर, गोरक्षनाथ टीला, मैदागिन में माघी पूर्णिमा के दिन महागुरु महायोगी बाबा गोरखनाथ का आर्विभाव दिवस सनातनी रीति से श्रद्धापूर्वक मनाया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन करते हुए विश्व भोजपुरी संघ के महासचिव डॉ.अपूर्व नारायण तिवारी 'बनारसी बाबू' ने कहा कि वस्तुतः संत साहित्य के मूल नींव थे एक ब्राह्मणी के गोशाला में अयोनिज गोरस से उत्पन्न महागुरु महायोगी महासिद्ध बाबा गोरखनाथ। इस मौके पर विश्व भोजपुरी संघ ने काशी में गंगा तट पर भव्य बाबा गोरखनाथ घाट निर्माण कराये जाने की सरकार से पुरजोर मांग की ।

### भारतीय सबका दल ने की पूर्वांचल राज्य गठन की हिमायत



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** मैदागिन स्थित पराड़कर स्मृति भवन के सभागार में रविवार को एक कार्यक्रम भारतीय सबका दल व भारत बचाओ मोर्चा की तरफ से आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता कृष्ण नारायण सोनी व संचालन भारतीय सबका दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ईश्वर दयाल सिंह सेठ ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्वांचल वासियों के लिए पूर्वांचल राज्य की आज बहुत जरुरत है और पूर्वांचल की राजधानी वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर में से कोई एक होनी चाहिए।

### साह नर्सिंग होम में सफल नेत्रदान



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** स्मृतिशेष गोपाल कृष्ण दास टकसाली के टकसाली खानदान के छोटे भाई राधे कृष्ण टकसाली ने त्वरित निर्णय लेते हुए समय पर उनका सफल नेत्रदान साह नर्सिंग होम के द्वारा करवाया और आई हुई टीम ने आंखों की स्थिति भी बहुत अच्छी बताई। यह जानकारी पुत्र अनिरुद्ध कुमार टकसाली, प्रद्युम्न कुमार टकसाली पुत्रवधू गरिमा टकसाली ने दी है।

### नई ऊर्जा और नई दिशा देने वाला बजट



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल, दूरदर्शी और निर्णायक नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीता रमण द्वारा प्रस्तुत किया गया वर्ष 2026-27 का केंद्रीय बजट वास्तव में एक ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी बजट है। यह बजट मैन्युफैक्चरिंग से लेकर इंफ्रास्ट्रक्चर तक, स्वास्थ्य से लेकर पर्यटन तक, ग्रामीण अर्थव्यवस्था से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) तक, रेल और जलमार्ग से लेकर खेल और तीर्थाटन तक हर क्षेत्र में देश को नए अवसर, नई ऊर्जा और नई दिशा देने वाला है।

### बजट में रखा गया है सबका ध्यान



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** प्रदेश के स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल ने केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बजट को बेहतरीन एवं जनहितकारी बताया, कहा कि यह नौजवानों, महिलाओं के साथ ही हरेक व्यक्ति को ध्यान में रखकर बनाया गया है। मंत्री रविंद्र जायसवाल ने रविवार को प्रस्तुत बजट का अपने गुलाब बाग स्थित कार्यालय में चार्टर्ड अकाउंटेंट, व्यापारियों एवं भारी संख्या में लोगों की उपस्थिति में टेलीविजन पर लाइव प्रसारण देखा एवं सुना। इस अवसर पर लोगों को मिठाइयां बांटी गई।

### सशक्तिकरण का ठोस रोडमैप है बजट



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** केंद्रीय बजट वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा रविवार को प्रस्तुत किया गया। बजट का सीधा प्रसारण बजट पर बोलते हुए महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने कहा 'केंद्रीय बजट 2026-27 विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने वाला दूरदर्शी बजट है। यह बजट देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के साथ-साथ मिडिल क्लास, किसान, महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण का ठोस रोडमैप प्रस्तुत करता है।

### दूरदर्शी सोच को दर्शाती है बजट



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, चैरिटेबल ट्रस्टों एवं व्यापारिक तथा अन्य संगठनों से जुड़े गौरव राठी ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत आम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे देश के समग्र विकास को नई दिशा देने वाला बताया। कहा कि बजट में बुनियादी ढांचे के विकास और सामाजिक कल्याण से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता दी गई है, जो सरकार की संवेदनशील और दूरदर्शी सोच को दर्शाती है।

### सपने दिखाने जैसा है बजट



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस पार्टी ओबीसी विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा ने कहा यह बजट युवा शक्ति, वंचित समुदाय, लोअर मिडिल और गरीब वर्ग के लिए सिर्फ लॉलीपॉप और मुंगेरीलाल के हसीन सपनों जैसा है। मौजूदा बजट वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भी गतिमान नजर नहीं आता। उन्होंने कहा यह बजट कुल मिलाकर सपने दिखाने जैसा है।

### घोर निराशाजनक है सरकारी बजट



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** देश में भयंकर महंगाई के बावजूद उसे नियंत्रित करने के लिए कोई प्रभावी उपाय बजट में नहीं अपनाया गया। सोने-चांदी के दाम आसमान छू रहे हैं। आम परिवारों के लिए शादियाँ करना, सोना खरीदना या ज्वेलरी बनवाना बेहद मुश्किल हो गया है। यह देश की 90 प्रतिशत से अधिक आबादी के लिए गंभीर चिंता का विषय है, लेकिन सरकार ने इस ओर ध्यान तक नहीं दिया। उत्तर प्रदेश वासियों के लिए तो यह बजट बेहद निराशाजनक है।

## मारवाड़ी समाज के चुनाव में अनुप अध्यक्ष, पवन प्रधानमंत्री



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** मारवाड़ी समाज के सत्र 2026-2028 के लिए चुनाव प्रक्रिया रविवार को लक्सा स्थित मारवाड़ी समाज भवन में संपन्न हुई। चुनाव अधिकारी दीपक तोदी, कमलेश अग्रवाल सीए, आनन्द लाडिया राजेश जयपुरिया महेश पोद्दार शरद जालान के सहयोग से मारवाड़ी समाज के संरक्षक मंडल के अध्यक्ष रमेश कुमार चौधरी, मंत्री उमाशंकर अग्रवाल ने समस्त चुनावी प्रक्रिया पूरी की। पदाधिकारियों मे अध्यक्ष पद पर अनूप सराफ, प्रथम उपाध्यक्ष मनमोहन बेरीवाल द्वितीय उपाध्यक्ष मनमोहन लोहिया, प्रधानमंत्री, पवन कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष, राम बुबना, संयुक्त मंत्री पंकज तोदी भंडार मंत्री सुनील कुमार धानुका, प्रचार मंत्री सुरेश तुलस्यान, सांस्कृतिक मंत्री अजय कुमार यादुका, समाज कल्याण मंत्री हेमदेव अग्रवाल निर्वाचित घोषित किये गए। 16 कार्यकारिणी सदस्य निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। संचालन मनोज जाजोदिया धन्यवाद ज्ञापन सुरेश तुलस्यान ने किया।

## माहेश्वरी कला संस्कृति के नए पदाधिकारी ने ली शपथ



● महमूरगंज में दायित्व ग्रहण समारोह सम्पन्न

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** माहेश्वरी समाज वाराणसी के (युवा महिला संस्था) माहेश्वरी कला संस्कृति का 19वां दायित्व ग्रहण समारोह रविवार रात्रि महमूरगंज स्थित माहेश्वरी भवन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ किशोर मुंद्डा गौरीशंकर नेवर श्रीराम माहेश्वरी ने किया। मुख्य अतिथि मधु गवालदास तापडिया एवं विशिष्ट अतिथि गरिमा अग्रवाल रहीं। समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार कोठारी द्वारा सर्वप्रथम अध्यक्ष-पूजा चाणडक, मंत्री राधिका डागा, कोषाध्यक्ष पूजा पटवारी, उपाध्यक्ष मोनिका कोठारी, प्रचार मंत्री जया राठी, उपमंत्री निशा कोठारी, सांस्कृतिक मंत्री आरती माहेश्वरी एवं खुशबू जाखोटिया को पद की शपथ दिलाई। सचिव प्रतिवेदन खुशबू लड्ढा ने प्रस्तुत किया! समारोह की अध्यक्षता सोनिया मारु ने की। वर्ष भर हुए कार्यक्रम की संयोजिकाओं को कार्यक्रम सलाहकार सविता राठी द्वारा पुरस्कृत किया गया। समारोह का संचालन श्रद्धा कोठारी व प्रीति मंत्री तथा धन्यवाद ज्ञापन उनका प्रियंका सारडा ने दिया !

### श्याम मंदिर का मना स्थापना दिवस



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** श्री श्याम मंडल ट्रस्ट व श्याम मंडल के तत्वावधान में आयोजित 31वां श्याम मंदिर स्थापनोत्सव लक्सा स्थित श्री श्याम मंदिर में रविवार को बड़े उत्साह से मनाया गया। प्रभु का दर्शन करने को भक्तों की भारी भीड़ रही। भजन संध्या में एक से एक भक्ति भजनों की प्रस्तुति कर खूब वाहवाही लूटी। कोलकाता से आए भजन गायक सूरज शर्मा व स्थानीय कलाकारों ने 'भजनों की रसधार गीत प्रवाहित की।




## काव्य पाठ से साहित्यिक संध्या को यादगार बना दिया

● अज़फ़र अली बनारसी के काव्य-संग्रह 'प्यासी ज़मीन' का लोकार्पण



जनमुख डेस्क

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** प्रसिद्ध जनकवि अज़फ़र अली बनारसी के नवीन काव्य-संग्रह प्यासी ज़मीन का लोकार्पण कचेहरी स्थित निवास पर संपन्न हुआ। इस लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता आबिद हाशमी सलीमपुरी (पूर्व प्रधानाचार्य, मुस्लिम स्कूल लल्लापुरा) ने की। मुख्य वक्ता के रूप में आलोचक एवं शोधकर्ता डॉ. मोहम्मद आरिफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता एन. बी. सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में हैदराबाद के शेख़ मजीद की उपस्थिति रही। मुख्य वक्ता डॉ. मोहम्मद आरिफ ने अपने वक्तव्य में अज़फ़र अली बनारसी की कविता को जनकाव्य की परंपरा से जोड़ते हुए कहा कि इस तरह की कविता की परंपरा नज़ीर अकबराबादी से शुरू होकर नज़ीर बनारसी तक आती है और आज अज़फ़र अली तक पहुँचती है। इस अवसर पर अब्दुल्लाह बिन ग़फ़्फ़ार ने भी अपने विचार रखे। विशेष अतिथि एन. बी. सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि 'अज़फ़र अली एक अच्छे कवि होने से पहले एक अच्छे इंसान हैं। इस अवसर पर कवि और लेखक ज़मज़म रामनगरी ने अज़फ़र अली बनारसी द्वारा लिखित आत्मकथात्मक लेख को पढ़कर सुनाया। मंच संचालन समर ग़ाज़ीपुरी ने किया। काविश बनारसी, ज़मज़म राम नगरी, आलम बनारसी, शमीम ग़ाज़ीपुरी, निज़ाम बनारसी, खलील राही, हबीब बनारसी, डॉ. बख्तियार नवाज़, गौहर बनारसी, आशिक़ बनारसी, कुनवर सिंह, शारिक़ फूलपुरी, अनिल प्रोकथा स्तवान, डॉ. इशरत जहाँ, मंजरी पांडे, झरना मुखर्जी और रेशमा खातून शामिल थे। सभी ने अपने काव्य-पाठ से इस साहित्यिक संध्या को यादगार बना दिया। कार्यक्रम में हाजी इश्तियाक अंसारी, अबू हाशिम, सुल्तान क्लब के डॉ एहतेशामुल हक़, शमीम रियाज शामिल रहे।

जनमुख परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।
रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## सुल्तानपुर समाचार

### माघी पूर्णिमा पर भक्तों ने गोमती में लगाई डुबकी



**सुल्तानपुर।** माघी पूर्णिमा पर रविवार को श्रद्धालुओं ने आदि गंगा गोमती में आस्था की डुबकी लगाकर पूजा-अर्चना की। सीताकुंड घाट पर दोपहर तक स्नानार्थियों का तांता लगा रहा। भक्तों ने स्नान कर सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर पुरोहितों को खिचड़ी व गोदान किया। ग्रामीण अंचल के श्रद्धालु सुबह पांच बजे से जिला मुख्यालय स्थित सीताकुंड घाट पर पहुंचने लगे। घाट के दोनों तटों पर आदि गंगा गोमती में श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। हिंदू धर्मशास्त्रों के मुताबिक भक्तों ने स्नान करने के बाद गोदान एवं अन्न दान के कर्मकांड पूरे किए। मंदिरों में भी विविध धार्मिक कार्यक्रम चलते रहे। उधर, गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन की अगुवाई में सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता सफाई अभियान में डटे रहे। इसके साथ ही स्नान करने आए श्रद्धालुओं की व्यवस्था करते दिखाई दिए। श्रमदान अभियान में संरक्षक रतन कसौधन, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, मुन्ना सोनी, राकेश सिंह, सेनजीत कसौधन, रामू सोनी, अजय प्रताप सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

## सोनभद्र समाचार

### संत रविदास ने मानवता का संदेश दिया : राम निहोर

**सोनभद्र।** सपा के जिला कार्यालय पर रविवार को संत रविदास और संत नरहरि सोनार की जयंती पर संगोष्ठी हुई। दोनों संतों के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यकर्ताओं ने उनके संदेशों को याद किया। जिलाध्यक्ष रामनिहोर यादव ने कहा कि संत रविदास के विचार भक्ति और मानवता का संदेश देते हैं। जातिगत भेदभाव, सामाजिक कुरीतियों और अन्याय के विरुद्ध उनका निर्भीक संघर्ष सदैव हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत रहेगा। कहा कि संत नरहरि सोनार एक प्रमुख गुजराती लेखक और गांधीवादी स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक थे। वे महात्मा गांधी और सरदार पटेल के करीबी सहयोगी थे। उन्होंने गुजरात में स्वतंत्रता आंदोलन और सामाजिक उत्थान के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई। संतों के रास्ते पर चलते हुए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हर वर्ग की लड़ाई लड़ रहे हैं।

## भदोही समाचार

### संत रविदास को किया नमन, विचार अपनाने का लिया संकल्प



**नईबाजार/गोपीगंज।** संत रविदास की जयंती रविवार को जिले में धूमधाम से मनाई गई। उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। विभिन्न संगठनों की ओर से आयोजित कार्यक्रम में चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। भदोही नगर के जमुनीपुर रोडवेज परिसर में संत रविदास जयंती मनाई गई। अनुयायियों ने संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण कर धूप-अगरबत्ती जलाकर उन्हें नमन किया तथा प्रसाद का वितरण किया गया। वक्ताओं ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास भारतीय संत परंपरा के ऐसे महान संत थे, जिन्होंने समाज को समानता, मानवता और प्रेम का मार्ग दिखाया। उनका जीवन और उनकी शिक्षाएं आज के समय में भी उतनी ही उपयोगी और प्रेरणादायक हैं। संत रविदास जी का मानना था कि मन की शुद्धता ही सच्ची भक्ति है। उन्होंने बाहरी आडंबर, दिखावे और पाखंड का विरोध करते हुए कहा कि ईश्वर सच्चे हृदय और अच्छे कर्मों से प्रसन्न होते हैं। इस मौके पर राजाराम, कैलाशनाथ गौतम, सुभाष चंद्र, सूरज कुमार, संजू, भीमराज, तूफानी, आशीष कुमार, अजय भारती, बबलू राज मिस्त्री, चंदन गौतम आदि रहे। गोपीगंज नगर के नारायणी कटरा में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई।

## देवरिया समाचार

### शराब की दुकान के सामने बेहोश मिला युवक, मौत

**रुद्रपुर।** नगर के खजुहा चौराहे पर एक शराब की दुकान के सामने बेहोश मिले युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कस्बा के मलह टोली वार्ड निवासी धनंजय यादव (42) पुत्र जमुना यादव मजदूरी करता था। वह अक्सर घर से बाहर ही घूमता था। उसके माता-पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। रविवार की दोपहर शराब की दुकान के सामने बेहोशी की हालत में मिला तो लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक कल्याण सिंह सागर ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम कराने को भेजा जा रहा है।

## चंदौली समाचार

### पत्नी की जान बचाई, खुद मौत के मुंह में समा गया वृद्ध, रेलवे ट्रैक पार करते समय हुआ हादसा



**चंदौली।** जिला मुख्यालय स्थित मुंसफ कटरा के पास शनिवार देर रात ऐसा हृदय विदारक हादसा हुआ, जिसने हर किसी को झकझोर दिया। पत्नी की जान बचाने के लिए वृद्ध रामचरण यादव ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और लोग रामचरण की बहादुरी की चर्चा करते रहे। नगर के वार्ड नंबर-2 शास्त्री नगर निवासी रामचरण यादव (65) शनिवार की रात अपनी पत्नी के साथ पुरानी बाजार से खरीदारी कर पैदल घर लौट रहे थे। दोनों मुंसफ कटरा के पास स्थित रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे। उन्हें जरा भी अंदाजा नहीं था कि अगले पल जानलेवा हादसा होने वाला है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब दोनों रेल लाइन पर थे, तभी अचानक तेज रफ्तार ट्रेन आ गई। रामचरण ने सूझबूझ दिखाते हुए तत्काल अपनी पत्नी को जोर से धक्का देकर ट्रैक से दूर कर दिया। पत्नी कुछ दूरी पर गिर पड़ी, जिससे उसकी जान बच गई, लेकिन रामचरण खुद ट्रेन की चपेट में आ गए और उनकी मौत हो गई।

## मऊ समाचार

### ट्रक में टकराई पिकअप, चालक और गाय की मौत

**दोहरीघाट।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अहिरानी गांव के पास फोरलेन पर खड़े दुर्घटनाग्रस्त ट्रक ट्रक में पीछे से पिकअप जा घुसी। इसमें चालक आशुतोष यादव (24) और पिकअप पर लदी गाय की मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को जिला अस्पताल भेजवाया। गाय को फोरलेन के किनारे जेसीबी से गड्ढा खोदवाकर दफन करा दिया। हादसे के बाद ट्रक को घटनास्थल से दूर जंक्शन के पास खड़ा करा दिया गया। बलिया जनपद के सुखपुरा थाना क्षेत्र के कसौटी गांव निवासी आशुतोष यादव ने दो दिन पहले ही नई पिकअप खरीदी थी। रविवार को वे दोहरीघाट के किसी गांव से गाय खरीदकर घर लौट रहे थे। तभी सुबह घना कोहरा होने से अहिरानी गांव के पास फोरलेन पर दृश्यता पांच मीटर से भी कम होने की वजह से एक सप्ताह पहले दुर्घटनाग्रस्त ट्रक में पिछे से घुस गया।

## मीरजापुर समाचार

### खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के अन्तर्गत जिलाधिकारी ने केन्द्रवार धान क्रय परिलेख की की समीक्षा



**मीरजापुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025.26 के अन्तर्गत जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में केन्द्रवार धान क्रय परिलेख की समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता, मीरजापुर से उनके केन्द्रों पर धान खरीद में हो रही गड़बड़ियों का संज्ञान लेते हुये कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये बिन्दुवार खरीद हेतु निम्नवत् आदेश निर्गत किये गये। जिलाधिकारी द्वारा समस्त केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि निर्गत आदेश जनपद में किसी ग्राम से 10 कि0मी0 के अन्तर्गत आने वाले क्रय केन्द्रों पर ही कृषक द्वारा धान का विक्रय का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिये गये है। जिलाधिकारी द्वारा समस्त केन्द्र प्रभारियों को यह निर्देश दिया गया है कि जनपद में बचे हुये वास्तविक किसानों से ही खरीद किया जाये। अगर यह संज्ञान में आता है कि केन्द्र प्रभारियों द्वारा वास्तविक किसान से खरीद न कर बिचौलियों अथवा मिल के माध्यम से खरीद की जा रही है तो सर्वप्रथम केन्द्र प्रभारी के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराते हुये गिरफ्तार किये जाने की कार्यवाही की जायेगीए बाद में निलम्बन/विभागीय कार्यवाही की संस्तुति की जायेगी। जिलाधिकारी द्वारा समस्त संस्था प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि किसी भी दशा में अन्य जनपद की खरीद नहीं होगी चाहे उस जनपद का सीमा 10 कि0मी0 के अन्दर ही क्यो ना हो। जिलाधिकारी द्वारा तहसील/ब्लाकवार गठित कन्ट्रोल रूम में नामित अधिकारी/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि आप द्वारा समस्त किसानों का फोन उठाकर उनकी शिकायतों का त्वरित निराकरण कराना सुनिश्चित करें।

## जौनपुर समाचार

### नीले ड्रम में गिर पड़ा था मासूम, ऑक्सीजन न मिलने से गई थी जान

**रामपुर।** भगेरी गांव में पंचायत भवन में रखे एक नीले ड्रम के अंदर मिले शव के मामले का खुलासा हो गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट हो गया है कि मासूम की मौत ऑक्सीजन न मिल पाने के कारण हुई। जबकि परिवार के लोगों ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। भगेरी गांव निवासी बृजेश यादव का बेटा छोटा बेटा शिवांश उर्फ ओम (4) शुक्रवार की दोपहर दो बजे वह अपने खिलौनों के साथ घर के पास खेल रहा था। इसी दौरान वह अचानक परिजनों की नजर से ओझल हो गया। काफी देर तक जब बच्चा नहीं मिला तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। रात करीब आठ बजे घर के बगल स्थित पंचायत भवन के एक कमरे में रखे नीले ड्रम में उसका शव मिला। पैर ऊपर और सिर नीचे की तरफ था।

## गाजीपुर समाचार

### पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर एक ही जगह हुए दो हादसे, एक की मौत, सात घायल



**गाजीपुर।** थाना क्षेत्र के मुस्सेपुर गांव के सामने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर रविवार को एक ही जगह पर हुए दो सड़क हादसों में जहां एक व्यक्ति की मौत हो गई वहीं सात लोग घायल हो गए हैं। सुबह विपरीत दिशा से आ रहे ट्रेलर से कार और ट्रक सहित तीन वाहनों की टक्कर हो गई। हादसे में चालक सहित सात लोग घायल हो गए। दोपहर बाद उसी स्थान पर ही कार की टक्कर से सड़क पार कर रहे माली कैलाश यादव (55) की मौत हो गई। घटना स्थल से कुछ दूरी से पुलिस ने कार को बरामद कर लिया। जबकि चालक भाग गया। थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार सोनकर ने बताया कि मुस्सेपुर गांव के सामने पूर्वांचल एक्सप्रेस- वे पर सुबह करीब 8.25 बजे विपरीत दिशा से आ रहे ट्रेलर से कार व ट्रक सहित तीन वाहनों की टक्कर हो गई। हादसे में घायल होने वालों में ट्रक चालक पंकज, कार चालक इतवार सिंह, कार सवार शुभम, पुष्पा, प्रतिमा, प्रतिभा और एक दो माह की नवजात भी शामिल है। कार सवार हरियाणा से बिहार के समस्तीपुर जा रहे थे। घायलों का उपचार मऊ के निजी अस्पताल में चल रहा है।

## बलिया समाचार

### गंगा में डूबने से किसान की मौत

**लालगंज।** जगदीशपुर गांव निवासी बम पांडेय (45) रविवार को दोपहर में जगदीश पुर घाट पर स्नान करने गए थे। नहाते समय पैर फिसलने से गहरे पानी में चले गए। डूबने से उनकी मौत हो गई। शोर होने पर डूबने के कुछ देर बाद ही स्थानीय मल्लाहों ने उन्हें नदी से बाहर निकाला। परिजन भी घाट पर पहुंच गए। परिजन और ग्रामीण सीएचसी सोनबरसा ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर चौकी प्रभारी लालगंज आशुतोष मद्धेशिया सीएचसी सोनबरसा पहुंचे और पोस्टमार्टम कराने को कहा। परिवार के लोगों ने पोस्टमार्टम करने से मना कर दिया। चौकी प्रभारी को बहुत समझाने के बावजूद परिवार पोस्टमार्टम कराने को राजी नहीं हुआ। पंचनामा कर शव को परिजनों को सौंप दिया गया है जो अपने घर ले जाकर अंत्येष्टि करेंगे।

## गोरखपुर समाचार

### प्रेमी ने अपनी पत्नी संग मिलकर की थी हत्या, CCTV से आरोपी तक पहुंची पुलिस



**गोरखपुर।** चार दिन पहले प्रिया प्रेमी को खोजते हुए मुंबई से ट्रेन से गोरखपुर पहुंची थी। पुलिस को उसका ट्रेन टिकट भी बरामद हुआ है। विजय को जानकारी मिलने पर उसने प्रिया को गांव में न रखकर पीपीगंज नगर पंचायत क्षेत्र में एक किराये के मकान में ठहराया। उसने आधार कार्ड बनवाने और शादी करने का झांसा देकर प्रिया को भरोसे में रखा। इसी दौरान विजय ने अपनी पत्नी को पूरे मामले की जानकारी दे दी। पुलिस के मुताबिक पति-पत्नी दोनों ने मिलकर प्रिया से छुटकारा पाने की साजिश रची। गुरुवार की रात जब प्रिया नशे की हालत में थी, तब दोनों उसे स्कूटी से लेकर घटना स्थल पर पहुंचे। पहले उसका गला कसकर हत्या की। इसके बाद पहचान मिटाने के इरादे से उसके सिर पर ईंट-पत्थर से वार कर सिर कुचलने के बाद गोबरहिया नाले के पुल के नीचे झाड़ी में फेंक दिया गया।

पीपीगंज थाना क्षेत्र में महिला की हत्या कर शव फेंके जाने के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। जांच में सामने आया कि मृतका मुंबई की रहने वाली 35 वर्षीय प्रिया थी, जिसकी हत्या उसके पति ने की थी। आरोपी युवक सहजनवां थाना क्षेत्र के मारड़ पाली गांव का निवासी है, जबकि उसकी ससुराल पीपीगंज थाना क्षेत्र के सपहिया गांव में बताई जा रही है।

जांच में सामने आया है कि आरोपी विजय पीपीगंज थाना क्षेत्र के तिघरा गांव के सपहिया टोले का निवासी है और पहले से शादीशुदा है। वह मुंबई में एक निजी कंपनी में इंजीनियर के रूप में कार्यरत था, जहां उसकी जान-पहचान प्रिया शेट्टी से हुई थी। दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गया, लेकिन बाद में प्रिया के दबाव और रिश्ते के उजागर होने के डर से विजय गांव लौट आया। शव मिलने के बाद पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की गहन जांच की। फुटेज में स्कूटी सवार संदिग्ध युवक और उसके साथ मौजूद एक अन्य व्यक्ति नजर आया। इसी आधार पर पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य जुटाए और आरोपियों की पहचान सुनिश्चित की। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी और उसके एक साथी को अयोध्या से गिरफ्तार कर लिया है।

## आजमगढ़ समाचार

### वस्त्र निर्यात पर टैक्स में छूट से ढाई लाख बुनकर, शी मार्ट से 45 हजार महिलाओं को होगा फायदा



**आजमगढ़।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार के नौंवा आम बजट पेश किया। इस बजट से जिले की स्वास्थ्य सुविधा को और बेहतर करने की नींव पड़ी।

बजट में वस्त्र निर्यात पर टैक्स में छूट का एलान किया गया। बुनकरों के कल्याण के लिए शुरू की गई महात्मा गांधी ग्राम स्वराज योजना से जिले के 20 हजार बुनकरों को इसका लाभ मिलेगा। महिला उद्यमियों के लिए शी मार्ट योजना शुरू होने से समूह की लगभग 45 हजार महिलाओं को फायदा मिलेगा। वहीं बजट को लेकर लोगों में काफी उत्सुकता देखने को मिली। भाजपा कार्यालय से लेकर घरों और दुकानों में भी लोग टीवी से चिपके रहे। वित्त मंत्री द्वारा पेश किए जा रहे बजट की एक-एक लाइन को ध्यान से सुनते रहे। इस दौरान किसी की उम्मीद परवान चढ़ी तो किसी की उम्मीदें धूमिल हुई। जिला अस्पताल की क्षमता में 50 प्रतिशत तक बढ़ोतरी होगी। इसके तहत रिक्त चल रहे पदों पर चिकित्सकों की तैनाती और सुविधाओं में बढ़ोतरी होने के आसार हैं। महिलाओं को छात्रावास की सुविधा मिलेगी। शीमार्ट के जरिए स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उद्यमी बनेंगी।

## प्रयागराज समाचार

### पुण्य की गठरी के साथ पिपिया में भरा गंगाजल, कल्पवासी चले घर



**प्रयागराज।** प्रयागराज में माघ मेले के पांचवें स्नान पर्व माघी पूर्णिमा पर कल्पवास का संकल्प पूरा करने के लिए गंगा-त्रिवेणी संगम स्नान किया। पुण्य की डुबकी लगाकर कल्पवासी रविवार से ही रेणुका प्रसाद ले विदा होने लगे। स्नान करने वाले श्रद्धालु पुण्य की गठरी समेटे पिपिया में गंगाजल भरकर घर वापसी करते रहे। वहीं, मकर संक्रांति से मेला क्षेत्र में आए श्रद्धालु सोमवार को परीवा तिथि की वजह से मेले में रुकेंगे। त्रिजटा स्नान कर तीन फरवरी से वापसी करेंगे।

मेले का अंतिम स्नान पर्व 15 फरवरी को महाशिवरात्रि का होगा। रविवार को सूर्योदय पूर्व ब्रह्म मुहूर्त में सुबह 5:05 बजे पूर्णिमा तिथि संचरण होने के साथ संगम तीरे हर-हर गंगे, माधव सकल काम साधो के जयघोष से आरंभ स्नान रात तक चलता रहा। ज्योतिषियों के मुताबिक पूर्णिमा का मान रात में 3:46 बजे तक रहेगा। इस दौरान सभी 24 घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। लोगों ने पूजन-अर्चन के साथ दीपदान भी किया। संगम की रेती पर एक माह के कल्पवास के बाद रविवार को जब विदाई की बेला आई तो बारह बरस पर कल्पवास पूर्णता का भंडारा करने वाले भावुक हो गए। वहीं, अन्य कल्पवासियों ने मां गंगा की गोद से जाने से पहले साष्टांग प्रणाम किया। तकिया पाटन जिला उन्नाव की गुलाबो ने सुबकते हुए कहा तीन महीने आने की तैयारी में लगे। एक महीना कैसे बीता पता ही नहीं चला। गंगा मइया से प्रार्थना है कि अगले साल भी अपनी गोदी में कल्पवास करने की शक्ति दें। कल्पवासियों ने शिविर के बाहर बोई गई जौ की बालियां गंगा में विसर्जित कर दीं। कुछ लोग कुछ बालियां घर ले गए हैं।

वहीं, तुलसी का पूजन-अर्चन कर लोग परंपरानुसार तुलसी का बिरवा घर ले गए वहीं कुछ ने गंगा में विसर्जित कर दिया। माघ मेला क्षेत्र में संतों के शिविरों और पंडालों में अभी तक भजन-कीर्तन, प्रवचन, हवन, श्रीमद्भागवत और रामचरितमानस की गूंज थी। कहीं राम तो कहीं भागवत कथा में श्रद्धालु जुटते रहे। अब माघी पूर्णिमा स्नान के बाद अब संत-महात्मा भी अगले माघ मास में मिलने के वादे के साथ संगम की रेती से विदा लेकर मठों के लिए रवाना होंगे।

## लाइफ मंत्र

### होलाष्टक के दौरान श्री हरि के इन सिद्ध मंत्रों का करें जाप, मां लक्ष्मी स्वयं चलकर आएंगी आपके द्वार



हिंदू धर्म में होली से ठीक आठ दिन पहले का समय होलाष्टक कहलाता है, जिसे आध्यात्मिक दृष्टि से बहुत शक्तिशाली और विशेष माना गया है। साल 2026 में होलाष्टक 25 फरवरी से शुरू होकर 3 मार्च तक रहेगा।

शास्त्रों के अनुसार, इन आठ दिनों में वातावरण में नकारात्मक और सकारात्मक दोनों ही ऊर्जाएं बेहद सक्रिय रहती हैं। जहां एक ओर होलाष्टक के दौरान किसी भी तरह के मांगलिक कार्यों की मनाही होती है, वहीं दूसरी ओर यह समय भगवान श्री हरि विष्णु और माता लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

मान्यता है कि भक्त प्रहलाद की रक्षा के लिए इन दिनों में भगवान विष्णु ने विशेष कृपा की थी। यदि इस दौरान सही विधि से श्री हरि की पूजा करते हैं, तो न केवल आपके जीवन के कष्ट दूर होते हैं, बल्कि आपके घर में मां लक्ष्मी का स्थायी वास भी होता है।

**॥श्री विष्णु चालीसा॥**
**।दोहा।**
**कीरत कुछ वर्णन करूं दीजै ज्ञान बताय।**
**।चौपाई॥**
**नमो विष्णु भगवान खरारी।**
**कष्ट नशावन अखिल बिहारी॥**
**प्रबल जगत में शक्ति तुम्हारी।**
**त्रिभुवन फैल रही उजियारी॥**
**सुन्दर रूप मनोहर सूरत।**
**सरल स्वभाव मोहनी मूरत॥**
**तन पर पीतांबर अति सोहत।**
**बैजन्ती माला मन मोहत॥**
**शंख चक्र कर गदा बिराजे।**
**देखत दैत्य असुर दल भाज॥**
**सत्य धर्म मद लोभ न गाजे।**
**काम क्रोध मद लोभ न छाजे॥**
**संतभक्त सज्जन मनरंजन।**
**दनुज असुर दुष्टन दल गंजन॥**
**सुख उपजाय कष्ट सब भंजन।**
**दोष मिटाय करत जन सज्जन॥**
**पाप काट भव सिंधु उतारण।**
**कष्ट नाशकर भक्त उबारण॥**
**करत अनेक रूप प्रभु धारण।**
**केवल आप भक्ति के कारण॥**
**धरणि धेनु बन तुमहिं पुकारा।**
**तब तुम रूप राम का धारा॥**
**भार उतार असुर दल मारा।**
**रावण आदिक को संहारा॥**
**आप वराह रूप बनाया।**
**हरण्याक्ष को मार गिराया॥**
**धर मत्स्य तन सिंधु बनाया।**
**चौदह रतनन को निकलाया॥**
**अमिलख असुरन द्वंद मचाया।**
**रूप मोहनी आप दिखाया॥**
**देवन को अमृत पान कराया।**
**असुरन को छवि से बहलाया॥**
**कूर्म रूप धर सिंधु मझाया।**
**मंद्राचल गिरि तुरत उठाया॥**
**शंकर का तुम फन्द छुड़ाया।**
**भस्मासुर को रूप दिखाया॥**
**वेदन को जब असुर डुबाया।**
**कर प्रबंध उन्हें ढूंढवाया॥**
**मोहित बनकर खलहि नचाया।**
**उसही कर से भस्म कराया॥**
**असुर जलंधर अति बलदाई।**
**शंकर से उन कीन्ह लडाई॥**
**हार पार शिव सकल बनाई।**
**कीन सती से छल खल जाई॥**
**सुमिरन कीन तुम्हें शिवरानी।**
**बतलाई सब विपत कहानी॥**
**तब तुम बने मुनीश्वर ज्ञानी।**
**वृन्दा की सब सुरति भुलाना॥**
**देखत तीन दनुज शैतानी।**
**वृन्दा आय तुम्हें लपटाना॥**
**हो स्पर्श धर्म क्षति मानी।**
**हना असुर उर शिव शैतानी॥**
**तुमने ध्रुव प्रहलाद उबारे।**
**हिरणाकुश आदिक खल मारे॥**
**गणिका और अजामिल तारे।**
**बहुत भक्त भव सिन्धु उतारे॥**
**हरहु सकल संताप हमारे।**
**कृपा करहु हरि सिरजन हारे॥**
**देखहुं मैं निज दरश तुम्हारे।**
**दीन बन्धु भक्तन हितकारे॥**
**चहत आपका सेवक दर्शन।**
**करहु दया अपनी मधुसूदन॥**
**जानूं नहीं योग्य जप पूजन।**
**होय यज्ञ स्तुति अनुमोदन॥**
**शीलदया सन्तोष सुलक्षण।**
**विदित नहीं व्रतबोध विलक्षण॥**
**करहुं आपका किस विधि पूजन।**
**कुमति विलोक होत दुख भीषण॥**
**करहुं प्रणाम कौन विधिसुमिरण।**
**कौन भांति मैं करहु समर्पण॥**
**सुर मुनि करत सदा सेवकाई।**
**हर्षित रहत परम गति पाई॥**
**दीन दुखिन पर सदा सहाई।**
**निज जन जान लेव अपनाई॥**
**पाप दोष संताप नशाओ।**
**भव-बंधन से मुक्त कराओ॥**
**सुख संपत्ति दे सुख उपजाओ।**
**निज चरनन का दास बनाओ॥**
**निगम सदा ये विनय सुनावै।**
**पढ़ै सुनै सो जन सुख पावै॥**

# जिद्दी Blackheads को जड़ से मिटाएंगे ये असरदार Beauty Tips, बिना दर्द मिलेगा Natural Glow



अगर ब्लैकहेड्स को किसी टूल से निकाला जाए, तो इसमें दर्द भी होता है और ब्लैकहेड्स दोबारा उतनी ही तेजी से निकल आते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ब्लैकहेड्स को हटाने के कुछ रामबाण तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं। ब्लैकहेड्स अधिकतर नाक, माथे और ठुड्डी पर नजर आते हैं। ब्लैकहेड्स को कील भी कहा जाता है। नाक पर ब्लैकहेड्स नजर आते हैं, तो स्किन दानेदान और खुरदरी दिखने लगती है। बता दें कि ब्लैकहेड्स तब नजर आते हैं, जब डेड स्किन सेल्स और ऑयल त्वचा के छिद्रों में जम जाते हैं और स्किन की सतह पर आ जाते हैं। इससे त्वचा पर ब्लैकहेड्स दिखना शुरू हो जाते हैं। अगर इनको किसी टूल से निकाला जाए, तो इसमें दर्द भी होता है और ब्लैकहेड्स दोबारा उतनी ही तेजी से निकल आते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ब्लैकहेड्स को हटाने के कुछ रामबाण तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**नाक के ब्लैकहेड्स हटाने के उपाय**

**बेकिंग सोडा**

ब्लैकहेड्स हटाने के लिए बेकिंग सोडा को पानी में मिलाकर पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को ब्लैकहेड्स पर लगाएं और 10 मिनट लगाए रखने के बाद हल्के हाथों से रगड़ते हुए मलें। फिर धोकर इसको हटा लें। बेकिंग सोडा का यह मिश्रण नाक पर जमे जिद्दी ब्लैकहेड्स को कम करता है।

**अंडे की सफेदी**

अंडे की सफेदी एक अच्छे पील ऑफ मास्क के रूप में काम करता है। नाक पर अंडे के सफेद हिस्से को लगाएं और इस पर टिशू पेपर की पतली लेयर अप्लाई करें। फिर 10 से 15 मिनट बाद नाक से टिशू को हटा लें। अंडे की सफेदी और टिशू से ब्लैकहेड्स चिपककर हट जाएगी।

**चीनी और नमक का स्क्रब लगाएं**

ब्लैकहेड्स को आसानी से रिमूव करने के लिए एक कटोरी में शहद और चीनी या फिर नमक में तेल मिलाकर स्किन पर हल्के हाथों से स्क्रब करें। इससे नाम पर नजर आने वाले ब्लैकहेड्स पर अप्लाई करें। इस स्क्रब से स्किन एक्सफोलिएट होती है और ब्लैकहेड्स आसानी से रिमूव हो जाते हैं।

**ओट्स से करें क्लेंज**

सप्ताह में 2 से 3 बार त्वचा को क्लेंज किया जाए, तो नाक पर जमे जिद्दी ब्लैकहेड्स हटते हैं। त्वचा तो क्लेंज करने के लिए किसी अच्छे क्लेंजर या फिर ओट्स का इस्तेमाल कर सकते हैं। ओट्स को पीसकर इसमें डालें और फिर इस पेस्ट को फेस पर मलकर हल्के से मलें और फेसवॉश कर लें।



# वेलेंटाइन वीक पर पार्टनर को करें Impress, ये Red Dress Designs देंगे आपको Perfect Look

**वेलेंटाइन वीक में अपने लुक को खास बनाने के लिए रेड ड्रेस के आकर्षक डिजाइंस को स्टाइल कर सकती हैं, जिनमें फ्रिल, मैक्सी, वन-शोल्डर और शॉर्ट ड्रेसेज शामिल हैं। ये ट्रेंडी और स्टाइलिश ड्रेस आपके वेलेंटाइन सेलिब्रेशन को और भी यादगार बना देंगी।**

वेलेंटाइन वीक शुरु होने में अब ज्यादा समय नहीं बचा। वेलेंटाइन डे के लिए हर लड़की काफी एक्साइडेट्ड नजर आती है। अगर आप अपने पार्टनर के लिए अच्छे से तैयार होने का प्लान करती हैं। इस वीक को आप अच्छे से एन्जॉय कर सकती हैं और किसी भी दिन पहनने के लिए रेड कलर ड्रेस को जरुर स्टाइल करें।

वेलेंटाइन वीक में सबसे ज्यादा रेड ड्रेस ही पहनी जाती है। बस आपको इसके लिए रेड कलर की सही डिजाइन वाली ड्रेस का चयन करना चाहिए। आइए आपको बताते हैं किस तरह की रेड ड्रेस को आप स्टाइल कर सकती हैं।

**फ्रील डिजाइन रेड ड्रेस करें स्टाइल**

अपने लुक को आकर्षक बनाने के लिए आप फ्रिल डिजाइन वाली रेड ड्रेस स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की रेड ड्रेस पहनने से आप बेहद खूबसूरत नजर आएंगी और आपका ओवरऑल लुक भी निखरकर सामने आएगा। पूरी ड्रेस में फ्रिल डिजाइन होने की वजह से यह और भी ज्यादा एलिगेंट लगती है। इसके साथ आप सिंपल ज्वेलरी पहन सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी ग्रेसफुल दिखाई देगा।

**रेड कलर मैक्सी ड्रेस करें स्टाइल**

अपने लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए वेलेंटाइन वीक के किसी भी दिन इस रेज कलर मैक्सी ड्रेस को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस आपके लुक में चार चांद लगा देंगी। इस तरह की ड्रेस को देखकर सब लोग आपकी तारीफ करेंगे। बाजार में इस तरह की ड्रेस आपको आसानी से मिल जाएगी।


**वन शोल्डर ड्रेस करें स्टाइल**

अगर आप हटके दिखाना चाहती हैं कि तो आप वन शोल्डर की ड्रेस को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस पहनने के बाद गजब का लुक प्रदान करती हैं। इस तरह की ड्रेस आपको जरूर ट्राई करनी चाहिए, क्योंकि यह पहनने में स्टाइलिश और ट्रेंडी लगती है। ऐसी ड्रेस आपको मार्केट में आसानी से मिल जाएगी।

**शॉर्ट रेड ड्रेस करें स्टाइल**

वेलेंटाइन वीक को खास बनाने के लिए आप शॉर्ट रेड ड्रेस वियर कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस आपको पहनने में काफी अच्छे लगती है। यह ड्रेस देखकर आपके पार्टनर भी काफी तारीफ करेंगे। इसलिए आपको जरुर खरीदें और एक बार वियर करें। इसके साथ आप हाई हील्स और मिनिमल ज्वेलरी को वियर कर सकते हैं।

# डेली ट्रैवल से बिगड़ रही है स्किन? अपनाएं ये आसान स्किनकेयर रूटीन



अमूमन हम स्किन की टैनिंग या डलनेस को ट्रैवल से जोड़कर देखते हैं। लेकिन इसका प्रभाव सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं होता है, बल्कि इससे पिंपल्स से लेकर अनइवन स्किन टोन और स्किन एजिंग की समस्याएं भी बढ़ सकती हैं। इसलिए, यह बेहद जरूरी है कि आप अपनी स्किन का बेहतर तरीके से ख्याल रखें।

हर दिन सुबह उठते ही भागदौड़ शुरू हो जाती है। टाइम से ऑफिस पहुंचने के लिए हम सभी बस से लेकर मेट्रो, कैब या बाइक से हर रोज सफर करते हैं। ऐसे में सिर्फ आपको ही अंदरूनी थकान नहीं होती है, बल्कि आपकी स्किन भी कहीं ना कहीं ये सब झेलती है। ट्रैवल की वजह से स्किन पर धूप, धूल, पसीना और पॉल्यूशन का असर पड़ता है। लेकिन हमें अहसास तक नहीं होता है और स्किन बैरियर धीरे-धीरे कमजोर होने लगता है। अमूमन हम स्किन की टैनिंग या डलनेस को ट्रैवल से जोड़कर देखते हैं। लेकिन इसका प्रभाव सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं होता है, बल्कि इससे पिंपल्स से लेकर अनइवन स्किन टोन और स्किन एजिंग की समस्याएं भी बढ़ सकती हैं। इसलिए, यह बेहद जरूरी है कि आप अपनी स्किन का बेहतर तरीके से ख्याल रखें। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही स्किन केयर टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें ट्रैवल करने वाली महिलाओं को जरूर फॉलो करने चाहिए-

**हर दिन लगाएं सनस्क्रीन**

अक्सर हम सभी सिर्फ तेज धूप में ही सनस्क्रीन लगाकर बाहर निकलती हैं, लेकिन प्रदूषण और सूरज की किरणें हर दिन त्वचा को नुकसान पहुंचाती हैं। इसलिए, अगर आप ज्यादा देर तक बाहर रहती हैं, तो 2-3 घंटे में दोबारा सनस्क्रीन लगाएं।

**हैवी मेकअप को करें अवॉयड**

अगर जरूरी ना हो तो आप हैवी मेकअप को अवॉयड करें। हर रोज सफर करते हुए हैवी मेकअप स्किन को सांस नहीं लेने देता। ऐसे में आप हल्की क्रीम या बीबी क्रीम लगा सकती हैं। साथ ही, आंखों और होंठों पर हल्का मेकअप रखें। आपको शायद पता ना हो, लेकिन कम मेकअप से मुंहासे भी कम होते हैं।

**चेहरे को बार-बार छूने से बचें**

बस, मेट्रो और ऑफिस में कई तरह के कीटाणु होते हैं और ऐसे में अपनी स्किन का ख्याल रखने के लिए यह जरूरी है कि आप चेहरे को बार-बार ना छुएं। गंदे हाथों से चेहरा छूने से मुंहासे और जलन बढ़ सकती है। अगर आपको चेहरे पर खुजली का अहसास हो तो ऐसे में हाथों की जगह साफ रुमाल का इस्तेमाल करें।

**खूब पीएं पानी**

सफर करते हुए अक्सर हम सभी पानी पीना भूल जाते हैं। लेकिन दिन में कम से कम 8-10 गिलास पानी पिएं। आप सादा पानी पी सकती हैं। इसके अलावा नारियल पानी का सेवन भी किया जा सकता है। पर्याप्त पानी पीने से आपकी स्किन साफ और ग्लोइंग नजर आती है। स्किन केयर के लिए हम सभी क्या-क्या नहीं करते हैं। खुद की त्वचा का ध्यान रखना किसी कठिन काम से नहीं है। आमतौर पर महिलाएं डबल क्लींजिंग को लेकर हमेशा कंफ्यूज रहती हैं। इस लेख में हम आपको डबल क्लींजिंग के बारे में बताएंगे। डबल क्लींजिंग किन महिलाओं के लिए सबसे ज्यादा जरुरी है, तो अब आपको परेशान होने की जरुरत नहीं है। आखिर क्या होती है डबल क्लींजिंग और यह किनके लिए सबसे जरुरी है। क्या कहती हैं स्किन एक्सपर्ट। एक्सपर्ट के मुताबिक, बदलते मौसम में स्किन रिलेटेड प्रॉब्लम होना एक आम समस्या है, जिसकी वजह से कुछ महिलाएं परेशान रहती हैं, लेकिन ऐसे में डबल क्लींजिंग कितनी जरुरी बताते हैं।

**ऐसे दो बार अपने चेहरे को धोए**

डबल क्लींजिंग मेथड हर किसी महिलाएं के लिए नहीं होता है। इसका सिंपल सा मतलब है कि आप दिन में दो बार अपने चेहरे को धोए। एक बार मिसेलर वॉटर या ऑयल बेस्ट क्लींजर से और दूसरी बार अपने सिंपल फेस वॉश से चेहरे को धो सकती हैं। इससे आपकी स्किन हाइड्रेट रहेगी और चेहरे की सारी गंदगी भी कम हो जाती है।

**डबल क्लींजिंग किन महिलाओं के लिए है बेहद जरूरी**

अब सवाल उठता है कि डबल क्लींजिंग किनके लिए जरुरी है। यह उनके लिए ज्यादा जरुरी है जो सबसे ज्यादा मेकअप करती हैं या जिनके प्रोफेशन में मेकअप शामिल है। जो लोग वीडियो क्रिएटर है या फिर एंकर है, उन्हें डबल क्लींजिंग मेथड सबसे जरुरी है। इसके साथ ही उन महिलाओं के लिए जिनकी स्किन ऑयली है, उनके लिए डबल क्लींजिंग जरुरी है।

**स्किन एक्सपर्ट क्या कहते हैं?**

स्किन एक्सपर्ट का मानना है, यह दो स्टेप वाली प्रक्रिया है, जो कि दो बार अपने चेहरे को धोती है। जिससे आपकी स्किन अच्छी तरह क्लीन हो जाए। अगर आप रोजाना मेकअप करती हैं या आपको लगता है कि आपकी स्किन पर गंदगी है और ट्रैवल कर रही हैं, तो डबल क्लींजिंग कर सकती हैं।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रात: 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
डॉ. शेखर पूरी MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682